(75)

रौल नं०......................नाम परीक्षार्थी..................................................

IX-8 वार्षिक परीक्षा सन् 2025 ई० A

# गृह–विज्ञान (केवल प्रश्न–पत्र)

समय – 3:15 घण्टा कक्षा – 9 पूर्णांक –70

निर्देश:–(i) यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है। खण्ड–क एवं ख है। (ii) खण्ड–क में 20 अंकों के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। (iii) खण्ड–ख में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न है। (iv) सभी प्रश्न अनिवार्य है। सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख दिये गये है।

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

## खण्ड– क

निर्देश:–सभी प्रश्नों सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए :–

1. गृह विज्ञान का महत्व है :– 1

(क) केवल सैद्धान्तिक (ख) केवल व्यावहारिक

(ग) सैद्धान्तिक तथा व्यावहारिक दोनों (घ) कोई महत्व नहीं है।

2. निम्न में से कौन पारिवारिक मानवीय साधन के अन्तर्गत आते हैं :– 1

(क) मानवीय योग्यताएँ

(ख) पारिवारिक सदस्यों की अभिवृत्तियाँ

(ग) कार्य करने की शक्ति (घ) ये सभी।

3. भोजन की व्यवस्था करना किस प्रकार का कार्य है :– 1

(क) साप्ताहिक कार्य (ख) दैनिक कार्य

(ग) व्यर्थ का कार्य (घ) मासिक कार्य।

4. इनमें से कौन–सी आवश्यकता विलासिता सम्बन्धी आवश्यकता का एक प्रकार नहीं है :– 1

(क) हानिकारक आवश्यकताएँ (ख) आरामदायक आवश्यकताओं

(ग) हानिरहित आवश्यकताएँ (घ) सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यकताएँ।

5. शरीर के लिए भोजन तथा निद्रा आवश्यक हैं। शाम को भोजन के बाद सो जाना चाहिए :– 1

(क) तुरन्त (ख) दो–तीन घण्टे के बाद

(ग) कम–से–कम आठ घण्टे बाद (घ) नहीं सोना चाहिए।

6. स्वास्थ्य कार्यकर्ता गाँव के लोगों से पहली बार मिलते हैं :– 1

(क) स्वास्थ्य केन्द्र पर (ख) अपने घर पर

(ग) लोगों के घर पर (घ) सड़क पर।

7. वायु में विद्यमान मुख्य निष्क्रिय गैस है :– 1

(क) ऑक्सीजन (ख) नाइट्रोजन

(ग) ओजोन (घ) कार्बन डाइऑक्साइड।

(पृष्ठ पलटिए)

8. आधुनिक वैज्ञानिक युग में विश्व की सर्वाधिक गम्भीर समस्या है :- 1

(क) भिक्षावृत्ति (ख) निर्धनता

(ग) पर्यावरण प्रदूषण (घ) निरक्षरता।

9. नवजात शिशु को सबसे पहले किस रोग से बचाव का टीका दिया जाना है :- 1

(क) खसरा (ख) डिफ्थीरिया

(ग) तपेदिक (घ) काली खाँसी।

10. रेयॉन के तन्तुओं में अधिकांश भाग क्या होता है :- 1

(क) प्रोटीन (ख) सेलुलोस

(ग) वर्ज्य पदार्थ (घ) कागज के टुकड़े।

11. छोटे कद वाली महिलाओं के लिए वस्त्र उपयुक्त होते हैं :- 1

(क) बड़े बूटे वाले (ख) छोटे बूटे वाले

(ग) धारीदार बूटे वाले (घ) इनमें से कोई नहीं।

12. अण्डे में जिस तत्व का पूर्ण अभाव होता है, वह तत्व है :- 1

(क) कार्बोहाइड्रेट (ख) वसा

(ग) प्रोटीन (घ) विटामिन।

13. शारीरिक श्रम करने वाले व्यक्ति को अधिक मात्रा में ग्रहण करना चाहिए :-1

(क) गुड़ (ख) मेवे

(ग) पपीता (घ) नारियल।

14. स्प्रिट लैम्प का उपयोग क्यों होता है :- 1

(क) सुई एवं यंत्र को गर्म करने के लिए (ख) सेंकने के लिए

(ग) रोगी की दवा के लिए (घ) तेज बुखार के लिए।

15. बिच्छू के काटने पर होती है :- 1

(क) बेचैनी (ख) रक्तस्राव

(ग) असहनीय पीड़ा (घ) ये सभी।

16. फिटकरी किसके लिए अधिक उपयोगी है :- 1

(क) रक्तस्राव रोकने के लिए (ख) बुखार में

(ग) निद्रा दूर करने में (घ) खाँसी में।

17. कान की पट्टी की लम्बाई-चौड़ाई होती है :- 1

(क) 5 मीटर लम्बी, 5 सेमी चौड़ी (ख) 4 मीटर लम्बी, 4 सेमी चौड़ी

(ग) 6 मीटर लम्बी, 6 सेमी चौड़ी (घ) $2\frac{1}{2}$ मीटर वर्गाकार।

18. गृह-परिचारिका ध्यान रखती हैं :- 1

(क) रोगी की स्वच्छता का (ख) मल-मूत्र त्याग का

(ग) समय पर भोजन का (घ) इन सभी का।

19. कमरें में कीटाणु किस कारण उत्पन्न होते हैं :- 1

(अ) दुर्गन्ध एवं सीलन (ब) धूप

(स) कम प्रकाश (द) इनमें से कोई नहीं।

20. गद्दे पर बिछाने के लिए कितनी चादर होनी चाहिए :- 1

(क) एक (ख) दो

(ग) तीन (घ) चार।

**खण्ड–ख**

**अति लघु उत्तरीय है – उत्तर सीमा 25 शब्द।**

21. योजनाबद्ध ढंग से गृह प्रबन्ध करने का क्या लाभ है? 2

22. कान में मैल कैसे बनता है? 2

23. कारखानों से निकलने वाली गैसें स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होती हैं। क्यों? 2

24. पुरुषों के लिए कैसे कपड़ों का चुनाव करना चाहिए। 2

25. 'ट्यूनीकेट' से क्या तात्पर्य है? इसका क्या कार्य है? 2

26. अस्पतालों में परिचर्या का कार्य कौन करता है? 2

**लघु उत्तरीय है – उत्तर सीमा 50 शब्द।**

27. गृह कार्य व्यवस्था के महत्व एवं आवश्यकता का वर्णन कीजिए। 4

**अथवा**

आरामदायक तथा विलासात्मक आवश्यकताओं में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

28. सार्वजनिक स्वच्छता का अर्थ बताते हुए स्वच्छ भारत अभियान पर लघु टिप्पणी लिखिए। 4

**अथवा**

वायु की अशुद्धियों का स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ रहा है?

29. डिफ्थीरिया पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 4

**अथवा**

हमारे लिए खाद्यान्नों का क्या महत्व है?

30. सन्तुलित आहार के कार्य लिखिए। 4

**अथवा**

प्राथमिक चिकित्सक के कर्त्तव्य लिखिए।

31. घरेलू औषधियों से क्या तात्पर्य है? किसी एक का वर्णन कीजिए। 4

**अथवा**

'रोगी के कमरें की सफाई' पर टिप्पणी लिखिए।

**दीर्घलघु उत्तरीय है – उत्तर सीमा 100 शब्द।**

32. गृह व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू करने के लिए किन सिद्धान्तों का पालन करना होता है? स्पष्ट कीजिए। 6

**अथवा**

(पृष्ठ पलटिए)

स्वास्थ्य संस्थाओं से क्या तात्पर्य है? स्थानीय स्वास्थ्य संस्थाएँ कौन–कौन सी हैं?

33. व्यक्तिगत वेशभूषा सम्बन्धी मुख्य नियमों का उल्लेख कीजिए। 6

अथवा

सन्तुलित आहार से आप क्या समझती हैं? सन्तुलित भोजन में किन–किन तत्वों का होना आवश्यक है? समझाइए।

34. सामान्य घरेलू दुर्घटनाओं से क्या तात्पर्य है? उनसे बचने के लिए क्या करना चाहिए? 6

अथवा

परिचारिका को रोगी के कौन–कौन से कार्य करने पड़ते हैं? उनका वर्णन कीजिए।